प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या - २०१२

भाषा भाग - २

कक्षा ५ वीं से ८ वीं

विषय : हिंदी (द्वितीय भाषा) संयुक्त

प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या - २०१२

भाषा भाग - २

इयत्ता ५ वीं से ८ वीं

विषय : हिंदी (द्वितीय भाषा) संयुक्त

अनुक्रमणिका

अ. क्र.		पृष्ठ
१.	प्रस्तावना	२८५
२.	सामान्य उद्देश्य	२८७
३.	विशिष्ट उद्देश्य	२८७
४.	पाठ्यक्रम	
	पाँचवीं	२८९
	छठी	३०३
	सातवीं	३१७
	आठवीं	३३३
५.	अध्ययन–अध्यापनसंबंधी निर्देश	३४९
६.	मूल्यांकनसंबंधी सामान्य निर्देश	३५१
७.	उपसंहार	३५२

प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या २०१२

इयत्ता - ५ वीं से ८ वीं

विषय - हिंदी (द्वितीय भाषा) संयुक्त

प्रस्तावना

भारत विविध संस्कृतियों से समृद्ध एक विशाल देश है। अनेक भाषाएँ, बोलियाँ, रीति–रिवाज, रहन–सहन, खान–पान इसकी विशेषता है। बहुक्षेत्रीय, बहुभाषी तथा बहुआयामी देश की सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक एवं व्यावसायिक आवश्यकताएँ भी विभिन्न प्रकार की हैं। विविधता में एकता इस देश की गौरवशाली परंपरा है। इस बहुभाषी देश में आंतरप्रांतीय संपर्क, विचारों के आदान–प्रदान, राष्ट्रीय एवं भावनात्मक एकात्मता, संवैधानिक मूल्यों को सुसंगत ढंग से सँजोए रखना आवश्यक है। इस आवश्यकता की संपूर्ति हेतु हिंदी सशक्त एवं समर्थ भाषा है।

हिंदी मध्ययुग से ही आंतरप्रांतीय संपर्क की भाषा रही है। महाराष्ट्र के कुछ संतों ने मराठी के साथ–साथ हिंदी में भी रचनाएँ की है। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में आंतर्प्रांतीय संपर्क की भाषा के रूप में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारतीय संविधान के अनुसार हिंदी भारतीय गणराज्य की राजभाषा रही है। हिंदी को पढ़ना संवैधानिक तथा व्यावहारिक आवश्यकता है। इन बातों को दृष्टिगत रखते हुए 'महाराष्ट्र राज्य अभ्यासक्रम २०१०' के प्रारूप में हिंदी को द्वितीय (संपूर्ण एवं संयुक्त) भाषा के रूप में कक्षा पाँचवी से रखा गया है।

लिपि, शब्द–भंडार और वाक्य रचना की दृष्टि से मराठी, गुजराती और अन्य भारतीय भाषाओं से हिंदी की समीपता के कारण तथा प्रचार–प्रसार के अन्य माध्यमों के प्रभाव से किसी–न–किसी रूप में कक्षा पाँचवीं में आनेवाले विद्यार्थी हिंदी से थोड़ा–बहुत परिचित रहते हैं। अतः हिंदी उनके लिए सहज, सरल, सुगम एवं पूर्व परिचित भाषा है।

इन विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम बनाते समय जिन बिंदुओं का समावेश किया गया है, वे निम्नानुसार हैं –

विद्यार्थियों को मातृभाषा जगत से हिंदी–विश्व में ले जाते हुए उनकी शारीरिक, मानसिक, भावनिक एवं सामाजिक आवश्यकताओं को अंतर्भूत किया गया है। २००५ के राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढाँचे (NCF) में भाषा शिक्षा के संदर्भ में दिए गए निर्देशों का ध्यान रखा गया है। इसी तरह आर.टी.ई.के निर्देश भी ध्यान में रखे गए हैं। अध्ययन–अध्यापन प्रक्रिया में विद्यार्थियों के भाषिक कौशलों के आकलन, उपयोजन, सर्जनशील प्रयोग आदि क्षमताओं के विकास को विशेष महत्व दिया गया है। ज्ञानरचनावाद का ध्यान रखते हुए पाठ्यक्रम पूर्णतः बाल– केंद्रित बनाया गया है। पाठ्यक्रम में यथास्थान परिसर अध्ययन को समाविष्ट करते हुए जीवन कौशलों के विकास का पूरा ध्यान रखा गया है। लिंग समभाव के तत्त्व एवं मूल्यशिक्षा को पाठ्यक्रम में यथोचित स्थान देते हुए केंद्रीय आधारभूत तत्त्वों का भी समावेश किया गया है। पाठ्यक्रम में जगह–जगह अत्यंत स्वाभाविक ढंग से भाषा के साथ अन्य विषयों का तालमेल बिठाया गया है। साथ ही इस बात का भी विचार किया गया है कि रोचक शिक्षा में कहीं भी बाधा न आए। यह सब

करते हुए विद्यार्थियों का निरंतर एवं सर्वांगीण मूल्यांकन भी होता रहे, इस बात का भी ध्यान रखा गया है। परीक्षा पद्धति को अधिक सरल, सहज, सुगम एवं लचीला बनाया गया है।

इस पुनर्रचित नवीन पाठ्यक्रम में जहाँ एक ओर जनतांत्रिक नीति, योजना को प्राधान्य दिया गया है, रटने की पद्धति का परित्याग किया गया है, वहीं दूसरी ओर पारंपरिक भारतीय शिक्षा तंत्रों के प्रयोग पर भी ध्यान रखा गया है। जनसंख्या शिक्षा, पर्यावरण शिक्षा, कार्यानुभव, कला शिक्षा विश्वशांति तथा विश्व बंधुत्व की भावना को पाठ्यक्रम में समाविष्ट किया गया है। भाषाई खेलों के माध्यम से भाषा की शिक्षा को तनाव रहित एवं रोचक बनाया गया है। प्रस्तुत पाठ्यक्रम में इस बात पर भी विचार किया गया है कि शिक्षा से विद्यार्थियों में सर्जनशीलता निर्मित हो, वे उपक्रमशील बनें तथा उनमें शोधदृष्टि का निर्माण हो। हिंदी को व्यवसायोन्मुख बनाया गया है। इसी तरह राज्य एवं राष्ट्र की समस्याओं को भी ध्यान में रखा गया है। भाषा शिक्षा के सर्वसामान्य उद्देश्य एवं द्वितीय भाषा के रूप में पाँचवीं से आठवीं तक हिंदी के विशिष्ट उद्देश्य स्पष्ट रूप से दर्ज किए गए हैं। प्रस्तुत पाठ्यक्रम में अध्ययन–अध्यापन विषयक नई सोच, नई पद्धति, जीवन कौशल, आधुनिक तकनीक एवं तत्त्व, व्यावहारिक परिवर्तन, निरंतर सर्वांगीण क्रमिक मूल्यांकन के प्रयोगशील, प्रभावी और समयोचित स्वरूप को भी स्वीकार किया गया है।

वर्तमान के साथ भविष्य की माँगों तथा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को हिंदी भाषा पर अधिकार के संदर्भ में सभी अर्थों में सक्षम बनाना अपने–आपमें एक बड़ा उद्देश्य है। इसकी पूर्ति हेतु प्रस्तुत पाठ्यक्रम में कई बातों का समावेश करना पड़ा, जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है। प्रश्न उपस्थित हुआ कि इन सबको समेटने के लिए /समाहित करने के लिए कौन–सा प्रारूप (Format) निश्चित किया जाए? पाठ्यक्रम पुनर्रचना समिति ने लंबी बहस के बाद भाषाई कौशलाधिष्ठित प्रारूप निश्चित किया। इसमें चार भाषाई कौशलों के साथ हिंदी की व्याकरणिक संरचना(क्रियात्मक व्याकरण) तथा व्यवहार एवं विविध व्यक्तियों में हिंदी प्रयोग के स्वरूप (व्यावहारिक सृजन) को सर्वोपरि स्थान देना कई कारणों से तर्कसंगत एवं उपयुक्त लगा। परिणामतः पुनर्रचित पाठ्यक्रम में भाषाई कौशलों/ क्षेत्रों को सबसे ऊपर रखते हुए हर कौशल/ क्षेत्र के घटकों/ उपघटकों को उसके अंतर्गत क्रमानुसार स्थान दिया गया है। इस पद्धति को अपनाने से भाषाई कौशलों/ क्षेत्रों के अधिकाधिक घटकों, उपघटकों को स्थान मिल पाया है।

राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा सूचित 'E R A C' अर्थात E- Experience, R- Reaction, A- Application, C- Consolidation के अनुरूप पाठ्यक्रम की रचना किए जाने पर समिति के सदस्यों में पर्याप्त चर्चा के बाद पाँचवीं से आठवीं कक्षा का पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से तैयार किया गया है।

सामान्य उद्देश्य

महाराष्ट्र के विद्यार्थी संचार माध्यमों द्वारा सामान्य हिंदी भाषा से परिचित हैं। हिंदी और मराठी दोनों भाषाएँ देवनागरी में लिपिबद्ध होने से पठन–पाठन के लिए सहज हैं। दोनों भाषाओं में शब्दावली के स्तर पर अधिक मात्रा में समानता है। प्रचार–प्रसार के विविध माध्यमों के कारण हिंदी भाषा शहरों के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रचलित है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक स्तर पर हिंदी शिक्षा के निम्नलिखित सामान्य उद्देश्य निश्चित किए गए हैं –

१. विविध माध्यमों का उपयोग कर श्रवण क्षमता का विकास करना।

२. हिंदी में धाराप्रवाह तथा प्रभावी संभाषण का विकास करना।

३. विद्यार्थियों में हिंदी साहित्य पठन के प्रति अभिरुचि जागृत करना।

४. हिंदी के माध्यम से साहित्यिक रसास्वादन एवं सौंदर्यबोध विकसित करने के साथ ही अपने विचारों और भावनाओं को अभिव्यक्त करने की क्षमता विकसित करना।

५. दैनिक जीवन तथा अन्य विषयक्षेत्र (साहित्य, विज्ञान, संचार माध्यम, विधि, स्वास्थ्य आदि) में हिंदी का प्रयोग एवं अन्य विषयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए हिंदी की जीवनाभिमुखी, व्यवसायोन्मुखी तथा जीवन कौशलपरक शिक्षा के प्रति उन्मुख करना।

६. उचित भाषाप्रयोग द्वारा, हिंदी के अनौपचारिक तथा औपचारिक भाषा रूपों में सामंजस्य स्थापित करना।

७. विविध उपक्रमों द्वारा संवैधानिक मूल्यों (स्वतंत्रता, समता, न्याय, बंधुत्व) तथा राष्ट्रीय एकात्मता, राष्ट्रप्रेम एवं धर्म निरपेक्षता के परिपोषण हेतु प्रवृत्त करना।

८. हिंदी द्वारा सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, श्रमनिष्ठा, परदुखकातरता, प्राणीमात्र के प्रति दया, खेल भावना, सत्यनिष्ठा, आचारनिष्ठा आदि मानवीय मूल्यों के प्रति सजगता पैदा कर इन गुणों को आत्मसात करने की ओर उन्मुख करना।

९. हिंदी द्वारा आपातकालीन प्रबंधन, मानवाधिकार एवं 'सर्व समावेशित शिक्षा' के प्रति जागृति पैदा करना।

१०. हिंदी के माध्यम से विद्यार्थियों में व्यक्तिगत चारित्रिक गुणों तथा जीवन कौशलों को विकसित करना।

विशिष्ट उद्देश्य

द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी का अध्ययन–अध्यापन पाँचवीं कक्षा से आरंभ किया जा रहा है। इस निर्णय के अनुसार हिंदी भाषा के अध्यापन में अधिक सजगता आवश्यक हो गई है। संपर्क भाषा के रूप में हिंदी के प्रयोग हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करते समय हिंदी अध्ययन–अध्यापन के विशिष्ट उद्देश्यों को ध्यान में रखना अधिक आवश्यक है। विशिष्ट उद्देश्यों में मूलभूत कौशलों एवं क्षमताओं को समाविष्ट किया गया है। निरंतर सर्वांगीण क्रमिक मूल्यांकन के आधार पर विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास अपेक्षित है। तदनुसार पाँचवीं से आठवीं कक्षा तक द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी के विशिष्ट उद्देश्य आगे दिए हैं –

१. आकाशवाणी, चलचित्र, दूरदर्शन, संगणक तथा अन्य दृक्– श्रव्य माध्यमों और शैक्षणिक संसाधनों के माध्यम से रोचक प्रेरक परिस्थितियों के निर्माण द्‌वारा विद्‌यार्थियों को स्वयंस्फूर्ति से श्रवण हेतु प्रवृत्त करना।

२. सरल–सुगम विषय पर हिंदी में बातचीत करने तथा अपने विचारों की अभिव्यक्ति हेतु प्रोत्साहित करना।

३. शैक्षणिक संदर्भ–सामग्री कोना एवं चलवाचनालय द्‌वारा वाचन के लिए प्रेरित करना। सौंदर्यबोध के प्रति उद्‌यत करना।

४. अपने अनुभव विश्व, कल्पना एवं समसामयिक विषयों पर लिखित रूप से अपने विचार प्रकट करने के लिए प्रवृत्त करना तथा कलात्मक अभिव्यक्ति की ओर उन्मुख करना।

५. शांतिपूर्ण, तनावमुक्त, बोझरहित, दंडमुक्त वातावरण में शिक्षा के लिए प्रेरित करना तथा हिंदी का भूगोल, गणित, सामान्य विज्ञान, इतिहास आदि अन्य विषयों के साथ सहसंबंध स्थापित करने की चेतना जगाना।

६. निरीक्षण एवं विविध कृतियुक्त उपक्रमों के माध्यम से विद्‌यार्थियों को भाषिक सर्जनशीलता के लिए प्रेरित करना।

७. बोली भाषा का आदर करते हुए मानक भाषा के व्यावहारिक प्रयोग हेतु उन्मुख करना। विद्‌यार्थियों को दैनिक सामान्य व्यवहार तथा विशिष्ट विषय क्षेत्रों (बैंक, पत्रकारिता, विधि, विज्ञान इत्यादि) में परंपरागत एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से भाषा के प्रयोग के लिए सक्षम बनाना। विविध सेवाओं, व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रयुक्त होने वाली भाषा की जानकारी देकर उसके प्रयोग के लिए प्रवृत्त करना।

८. भाषाओं के समन्वय द्‌वारा भावात्मक एकता, देशप्रेम एवं विश्वबंधुत्व के परिपोषण हेतु उद्‌यत करना।

९. हिंदी द्‌वारा संवैधानिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण–संवर्धन एवं स्त्री–पुरुष समानता के प्रति निष्ठा जागृत करना।

१०. ऐतिहासिक स्थलों, सांस्कृतिक परंपराओं का हिंदी भाषा के माध्यम से संरक्षण–संवर्धन करना।

विषय : हिंदी द्‌वितीय भाषा (संयुक्त)

भाषाई कौशल/क्षेत्र : श्रवण (पाठ्‌यक्रम) **कक्षा–पाँचवीं**

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
	* भाषाई खेल : ध्वनि/बोली/ आवाज पहचानना– परिसर के पशु–पक्षियों/ प्राणियों की बोली सुनकर पहचानना	परिसर के पशु–पक्षी, प्राणियों के चित्र, प्राणियों की बोलियों के चार्ट	* विद्‌यार्थी परिसर के प्राणियों की बोली, आवाज सुनकर पहचानता है। उन ध्वनियों की नकल करता है। परिसर के प्राणियों के प्रति आत्मीयता एवं प्रेमभाव बढता है। * प्राणी संरक्षण की भावना विकसित होती है।	* मौखिक कार्य * कृति * प्रात्यक्षिक * निरीक्षण
१.	पूर्व परिचित विषयों से संबंधित लयात्मक गीत, अभिनय गीत सुनना– सुनाना।	* लयात्मक गीत संग्रह, अभिनय गीत संग्रह, रोलअप बोर्ड, रेडियो, दूरदर्शन, सी. डी., डी.वी.डी., ध्वनिफीत	* लयात्मक गीत, अभिनय गीत समझते हुए सुनने में रुचि लेता है। * रेड्यिो, दूरदर्शन, सी.डी., डी.वी.डी. पर आने वाले लयात्मक, अभिनय गीत ध्यान से सुनता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * कृति
२.	बोधकथा, चुटकुले सुनना–सुनाना। (सत्य, बंधुता, प्रेम, न्याय, शांति संबंधी)	* बोधकथा संग्रह, सी. डी., डी.वी.डी, ध्वनिफीत, दूरदर्शन, रेडियो	* बोधकथा, चुटकुले रुचिपूर्वक सुनता है। सुनी हुई बोधकथा, चुटकुलों को दोहराने में रुचि लेता है। * समझते हुए सुनने में रुचि लेता है। * एक शब्द में उत्तर देता है। * बोधकथाओं के माध्यम से सम अनुभूति एवं सहसंबंध स्थापित करता है। मूल्यों को अपनाता है। * ध्यान से सुनने की आदत बनती है।	* निरीक्षण * सामान्य प्रात्यक्षिक * कृति
३.	मात्रा रहित शब्द सुनना–सुनाना।	* मात्रा सहित शब्द कार्ड, चार्ट, ध्वनिफीत, सी.डी., डी.वी.डी., संगणक	* मात्रा रहित शब्दों को रुचिपूर्वक सुनता है। सुने हुए शब्दों को दोहराता है। * मात्रा रहित शब्दों का उपयोग करते हुए सरल वाक्य बनाता है। * मातृभाषा और हिंदी के शब्दों में समन्वय प्रस्थापित करता है।	* निरीक्षण * सामान्य प्रात्यक्षिक * कृति

अ क्र.	अध्ययन-अनुभव	अध्ययन-अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
			* सुने हुए शब्दों का प्रयोग सुनाते समय करता है। सहसंबंध स्थापित करता है।	* निरीक्षण
४.	मात्रा सहित शब्द सुनना-सुनाना।	* मात्रा सहित शब्द चार्ट/ शब्द कार्ड, दूरदर्शन, सी. डी., डी.वी,डी.	* मात्रा सहित शब्दों को सुनने में रुचि लेता है। * मात्रा रहित एवं मात्रा सहित शब्दों की रचना सुनकर समझता है। * मात्रा रहित एवं मात्रा सहित शब्दों का प्रयोग करके छोटे-छोटे वाक्य बनाकर सुनाता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * कृति
५.	स्वर, व्यंजन, विशेष वर्ण, अनुनासिक, अनुस्वार, विसर्ग, संयुक्ताक्षर, पंचमाक्षर का श्रवण के माध्यम से परिचय करना-कराना।	* चित्र कार्ड, वर्ण-चार्ट, शब्द कार्ड, ध्वनिफीत, सी.डी., डी.वी.डी.	* स्वर, व्यंजन, पंचमाक्षर, विशेष वर्ण, अनुनासिक, अनुस्वार, विसर्ग, संयुक्ताक्षर आदि का श्रवण के माध्यम से परिचय प्राप्त करता है। * स्वर-वर्णों की ध्वनियों को सुनकर उनके अंतर को समझता है। * स्वर और व्यंजन की ध्वनियों के अंतर को सुनकर पहचानता है। * अनुनासिक, अनुस्वार, विसर्ग, संयुक्ताक्षर को स्पष्ट रूप से सुनकर उनके उच्चारण की भिन्नता को समझने का प्रयास करता है। * मातृभाषा एवं हिंदी के वर्णों की ध्वनियों में सहसंबंध स्थापित करता है एवं उनके अंतर को श्रवण के माध्यम से समझता है। * घर, परिसर में सुनी हुई ध्वनियों का विद्यालय में सुनी हुई ध्वनियों से सहसंबंध स्थापित करता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * कृति

अ क्र.	अध्ययन-अनुभव	अध्ययन-अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
	* **भाषाई खेल – 'पहचानो मुझे'** उदाहरण – चित्र दिखाकर परिचित चीजों के बारे में बोलने के लिए कहना। जैसे-आम, गुलाब, कद्दू।	* चित्र * चित्रकार्ड * प्रक्षेपक (O.H.P.) * फोल्डर (चित्रों का)	* चित्र देखकर प्रत्येक विद्यार्थी शब्द बोलता है। * चित्र देखकर शब्दों का प्रयोग वाक्यों में करता है। * समूह चर्चा में बिना झिझक के सहभागी होता है। * मातृभाषा के शब्द तथा हिंदी के शब्दों में समन्वय का प्रयास करता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * मौखिक कार्य * कृति * कक्षाकार्य
१.	अपना परिचय एवं परिवार के सदस्यों का परिचय देना।	* चित्र	* अपना, अपने परिवार के सदस्यों का परिचय देता है। * परिवार के बारे में जानकारी देने की क्षमता प्राप्त होती है। * अपने परिवार के प्रति आत्मीयता बढ़ती है। * पड़ोसी परिवारों के साथ सहसंबंध स्थापित करने की ओर उन्मुख होता है। * सम अनुभूति होती है। * 'स्व' की पहचान होती है ।	* निरीक्षण * कक्षाकार्य * मौखिक कार्य

अ क्र.	अध्ययन-अनुभव	अध्ययन-अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
२.	दैनिक उपयोग की वस्तुओं का वर्णन करना।	* चार्ट चित्र	* चित्र देखकर वस्तुओं के उपयोग के बारे में बताता है। * सरल प्रश्नों के उत्तर देने में रुचि रखता है। * चर्चा में सहभागी होता है। * प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त करता है। * बातचीत करते समय आत्मविश्वास बढ़ता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * मौखिक कार्य
३.	कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विद्यालय में चर्चा करना।	* त्योहार, जन्मदिन आदि से संबंधित चार्ट्स, सी.डी., डी.वी.डी, छायाचित्र आदि.	* कक्षा में उत्साह के साथ घरेलू कार्यक्रम की जानकारी देता है। * अपने मित्रों के घर में मनाए गए कार्यक्रम की जानकारी देने की क्षमता विकसित होती है। * मंच पर घरेलू कार्यक्रम की जानकारी बेझिझक देता है। * पड़ोसियों एवं मित्रों के परिवार के कार्यक्रमों से सहसंबंध स्थापित करने की क्षमता में वृद्धि होती है। शब्द संपत्ति का विकास होता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * मौखिक कार्य
४.	पूर्व परिचित बालकथा, बालगीत हाव-भाव के साथ प्रस्तुत करना। (मित्रता, स्वच्छता संबंधी)	* सी.डी., डी.वी.डी., फोल्डर पचंतंत्र, इसप की कहानियाँ, गिनती चार्ट, चित्रकथा-पुस्तिका	* मातृभाषा एवं हिंदी की पूर्व परिचित कहानियाँ एवं बालगीत उत्साह, उचित हाव-भाव के साथ प्रस्तुत करता है। * घर-परिवेश में बातचीत करते समय उचित हाव-भाव का प्रयोग करता है। * जीवन मूल्यों एवं जीवन कौशलों की ओर उन्मुख होता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
५.	स्वर–व्यंजन, अनुस्वार, अनुनासिक, विसर्ग तथा विशेष वर्णों, पंचमाक्षरों संयुक्ताक्षरों का स्पष्ट उच्चारण करना–कराना।	* वर्ण कार्ड, वर्ण चार्ट, चित्र कार्ड, शब्दकार्ड. सी.डी., डी.वी.डी., ध्वनिफीत	* चित्रों के माध्यम से उचित उच्चारण करता है। * मातृभाषा एवं हिंदी की ध्वनियों, वर्णों की समानता और भिन्नता पहचानने की ओर अग्रसर होता है। * संभाषण में वर्णों एवं शब्दों का सही उच्चारण करता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * मौखिक कार्य * कृति

भाषाई कौशल/क्षेत्र : वाचन **कक्षा–पाँचवीं**

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
	* **भाषाई खेल – 'मेल मिलाप'** अलग–अलग विद्यार्थियों के गले में चित्र कार्ड और संबंधित चित्र के वर्ण कार्ड लटकाकर चित्रों और वर्णों की संगत बिठाना। (मात्रा रहित शब्द)	* चित्र कार्ड शब्द कार्ड वर्ण कार्ड	* चित्र और वर्णों की संगत बिठाने में रुचि रखता है। * वर्णों को पहचानता है। * परिसर के साईनबोर्ड एवं फलक पर लिखे वर्णों को पहचानने का प्रयास करता है। * मातृभाषा एवं हिंदी के वर्णों की रचना में समन्वय स्थापित करता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * मौखिककार्य * कृति
१.	अनुवाचन – लयात्मक गीत, बोधकथा, छोटे–छोटे वाक्य, लयात्मक शब्द एवं वर्णमाला का वाचन करना–कराना।	* वर्ण कार्ड, शब्द कार्ड, वाक्य पट्टियाँ रोलअप बोर्ड, प्रक्षेपक	* लयात्मक गीत, कथा आदि का रुचिपूर्वक अनुवाचन करता है। * वर्ण, शब्द को पहचानता है। * श्रवण एवं वाचन में रुचि उत्पन्न होती है। * शब्द संपत्ति का विकास होता है। * बोधकथा से प्राप्त जीवन मूल्यों एवं कौशलों को जीवन में उतारने के प्रति उन्मुख होता है।	* निरीक्षण * मौखिक कार्य * प्रात्यक्षिक * कृति
२.	मात्रा रहित वर्णों का वाचन करना–कराना। (स्वर, व्यंजन, संयुक्ताक्षर, पंचमाक्षर)	* मात्रा रहित शब्द कार्ड, वर्ण कार्ड, शब्द पट्टी	* मात्रा रहित वर्ण, शब्दों का वाचन करता है। वर्णों के अवयवों को पहचानता है। * वर्णों की संगति बिठाकर सार्थक शब्द बनाता है। * वर्णों से नए–नए शब्द बनाकर वाचन करता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * मौखिककार्य * कक्षाकार्य * सहपुस्तक मूल्यांकन * कृति

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
३.	मात्रा सहित वर्णों का वाचन (स्वर, व्यंजन, संयुक्ताक्षर, पंचमाक्षर) करना–कराना।	* शब्द कार्ड (मात्रा सहित) शब्द कार्ड, चित्रकार्ड, शब्द पट्टियाँ वाक्य पट्टियाँ, सुविचार, घोषवाक्य तालिका	* मात्रा सहित शब्दों का वाचन करता है। * मात्रा सहित शब्दों से वाक्य बनाकर वाचन करता है। * विद्यालय परिवेश में लगाए गए फलकों का वाचन करता है। * वाचन के प्रति रुचि जागृत होती है।	* निरीक्षण * कक्षाकार्य
४.	मुखर एवं मौन वाचन–वर्णमाला, लयात्मक शब्द, लयात्मक गीत, बोधकथा का वाचन करना–कराना। (समय पालन, अनुशासन)	* लयात्मक शब्द चार्ट * संदर्भ साहित्य * तालिकाएँ वर्णमाला चार्ट * लयात्मक गीत संग्रह * बालकथा संग्रह * रोलअप बोर्ड	* मुखर एवं मौन वाचन में रुचि लेता है। * लयात्मक गीत, बोधकथा से वाचन में प्रवाह लाने का प्रयास करता है। * विद्यार्थी आदर्श वाचन प्रतियोगिता में हिस्सा लेता है। * समय पालन–अनुशासन का महत्त्व पहचानता है।	* निरीक्षण * कक्षाकार्य * स्वाध्याय
५.	दिनदर्शिका, समाचारपत्र, फलक वाचन करना–कराना।	* कैलेंडर, तालिकाएँ, समाचारपत्र, पत्रिकाएँ,	* वाचन में रुचि लेता है। * समाचारपत्र के खेल मनोरंजन आदि भागों का वाचन करने में रुचि लेता है। * समाचारपत्र का प्रतिदिन वाचन करने की रुचि जागृत होती है।	* निरीक्षण * कक्षाकार्य * कृति * अनुवाचन

भाषाई कौशल/क्षेत्र : लेखन

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
	* **भाषाई खेल –** **'आकृति की पहचान'** एक दूसरे की पीठ पर उँगली से कोई भी गणितीय आकृति बनाना एवं पहचानना। उदा. गोल, चौकोर त्रिभुज आदि।		* रुचि लेते हुए विद्यार्थी एक दूसरे की पीठ पर बनाई गणितीय आकृतियाँ पहचानता है। * तनाव का समायोजन करता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक
१.	अनुरेखन – मात्रा रहित, मात्रा सहित वर्णों का अनुरेखन करना। (वर्ण एवं शब्द) जैसे – क = क, र = र शब्द – नल = नल माता = माता	* संदर्भ साहित्य	* मात्रा रहित, मात्रा सहित वर्ण, शब्द आदि का अनुरेखन करता है। * वर्णों के संकेत समझते हुए अनुरेखन करता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक
२.	* अनुलेखन–सुलेखन (शब्द एवं वाक्य) अंकों का अक्षरों में लेखन (१ से २० तक) करना–कराना।	* शब्द चार्ट * अंक चार्ट * वाक्य पट्टी * घर की वस्तुएँ	* शब्द एवं वाक्यों का अनुलेखन एवं सुलेखन करने में रुचि लेता है। * एक से बीस तक के अंकों से परिचित होता है। * घर की वस्तुओं के हिंदी नामों से परिचित होता है। * सुलेखन स्पर्धाओं में सहभागी होता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * कक्षाकार्य * स्वाध्याय * सहपुस्तक कसौटी

अ क्र.	अध्ययन-अनुभव	अध्ययन-अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
३.	श्रुत लेखन-शुद्ध लेखन (वर्ण, संयुक्त वर्णवाले शब्द एवं वाक्य) करना-कराना।	* चित्र कार्ड * शब्द कार्ड * सुवचन पट्टी	* आकलन करते हुए श्रुत लेखन में रुचि लेता है। * शब्द, वाक्य आदि का शुद्ध लेखन करने हेतु अग्रसर होता है। * लेखन में शुद्धता लाने का प्रयास करता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * कक्षाकार्य
४.	प्रश्नों को समझते हुए उत्तर लेखन (एक शब्द एवं एक वाक्य में) करना-कराना।	* प्रसंग-चित्र चार्ट * फलक पर लिखी हुई सामग्री * प्रश्न संच	* प्रश्नों के उत्तर लिखने में रुचि लेता है। * चित्रों को देखकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखने का प्रयत्न करता है। * आकलन क्षमता का विकास होता है। * क्या, कहाँ, क्यों आदि से बने प्रश्नों को समझते हुए उत्तर लिखता है।	* निरीक्षण * कसौटी * स्वाध्याय
५.	चित्र के आधार पर लेखन करना-कराना।	* चित्रकार्ड * फोल्डर * चित्रकथा	* चित्रों को देखते हुए स्वयं स्फूर्ति से चित्र का वर्णन लिखता है। * चित्रों के आधार पर कहानी लेखन करता है। * शब्द संपदा में वृद्धि होती है। * सर्जनशीलता, कल्पनाशक्ति का विकास होता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * कक्षाकार्य * स्वाध्याय

भाषाई कौशल/क्षेत्र : क्रियात्मक व्याकरण

कक्षा–पाँचवीं

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
	* **भाषाई खेल – शब्दपूर्ति** १) क – म २) म – ली ३) मीठा – ।	* चित्र कार्ड * शब्द कार्ड * वर्ण कार्ड	* चित्र देखकर रिक्त वर्ण की पूर्ति करते हुए शब्द बनाता है। * शब्द संपत्ति में वृद्धि होती है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक
१.	**वर्ण परिचय** (स्वर, व्यंजन, विशेष वर्ण, संयुक्ताक्षर, अनुस्वार, अनुनासिक, पंचमाक्षर, विसर्ग, हल चिह्न')	* वर्ण कार्ड वर्ण सारिणी शब्द सारिणी	* रुचि के साथ स्वर, व्यंजन विशेष वर्ण, संयुक्ताक्षर, अनुस्वार, अनुनासिक, पंचमाक्षर, विसर्ग, हल चिह्न आदि से परिचित होता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * कक्षाकार्य * स्वाध्याय
२.	**शब्द परिचय** १) समान वर्णवाले शब्द ठनठन, छमछम. २) समानार्थी, विरुद्धार्थी, शब्द–समूह के लिए एक शब्द ३) हिंदी–मराठी में समान अर्थ में आने वाले शब्द – सूर्य–सूर्य, घर–घर ४) समोच्चारित किंतु भिन्न अर्थवाले शब्द – जैसे –तमाशा – हिंदी में खेल तमाशा – मराठी में लोकनाट्य चेष्टा – हिंदी में प्रयत्न चेष्टा– मराठी में मजाक	* चार्ट * चित्र * शब्दकार्ड * शब्द समूह कार्ड्स * शब्द कार्ड * फोल्डर्स	* लेखन, वाचन, भाषण–संभाषण में समानार्थी, विरुद्धार्थी, समान वर्णवाले शब्द आदि का उचित प्रयोग करता है। * वर्गीकरण, आकलन क्षमता के विकास की ओर अग्रसर होता है। * निर्णय क्षमता में वृद्धि होती है। * प्रभावी भाषण–संभाषण एवं लेखन की ओर उन्मुख होता है। * मराठी/हिंदी में पाए जाने वाले शब्दों के अर्थ और उच्चारण की दृष्टि से भिन्नता और समानता से अवगत होता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * मौखिक कार्य * स्वाध्याय * कक्षाकार्य * कसौटी

अ क्र.	अध्ययन-अनुभव	अध्ययन-अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
३.	**लिंग-वचन** शब्दों को पहचानना एवं प्रयोग करना। (स्त्रीलिंग, पुल्लिंग शब्द, एक वचन, बहुवचनवाले शब्दों का प्रयोग)	* चित्र एवं शब्द कार्ड * शब्द चार्ट * फोल्डर	* स्त्रीलिंग, पुल्लिंग, एकवचन, बहुवचन शब्दों को पहचानता है। * लिंग, वचन का ध्यान रखते हुए उचित शब्दों का प्रयोग करता है। * भाषा प्रयोग में शुद्धता एवं सरलता की ओर अग्रसर होता है। * वर्गीकरण एवं निर्णय क्षमता का विकास होता है। * शब्दों के लिंग एवं वचन में परिवर्तन करते समय शब्दों में उचित परिवर्तन की ओर ध्यान देता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * कक्षाकार्य * स्वाध्याय
४.	**विरामचिह्न :** (अल्पविराम, अर्धविराम, पूर्णविराम, प्रश्नवाचक चिह्न)	* चिह्नों के चार्ट * विरामचिह्नयुक्त छोटे-छोटे वाक्य * चार्ट फलक लेखन	* अल्पविराम, अर्धविराम, पूर्णविराम, प्रश्नवाचक चिह्नों को पहचानता है। * मातृभाषा एवं हिंदी के विरामचिह्नों की समानता एवं भिन्नता से अवगत होता है। * वाक्य लेखन में विरामचिह्नों का प्रयोग करता है। * भाषण-संभाषण एवं वाचन करते समय विराम चिह्नों के अनुसार उचित लय-ताल, हावभाव आरोह-अवरोह का ध्यान रखते हुए प्रस्तुति करता है। * व्यवहार में अनुशासित जीवन जीने की ओर उन्मुख होता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * कसौटी * स्वाध्याय * कक्षाकार्य * सहपाठी मूल्यांकन

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
५.	**वर्तनी का प्रयोग –** वर्ण, संयुक्ताक्षर, विशेष वर्ण, पंचमाक्षर, अनुनासिक (चंद्रबिंदु) अनुस्वार, विसर्ग, हल चिह्न आदि का मानक वर्तनी के नियमों के अनुसार सरल शब्दों तथा वाक्यों का लेखन। * क्रिया के काल का सामान्य परिचय	* वर्णों एवं शब्दों के मानक रूप का चार्ट * संदर्भ साहित्य * वाक्यपट्टियाँ (काल सूचित करनेवाली)	* वर्तनी के मानक रूप से अवगत होता है। * संभाषण, वाचन–लेखन में वर्णों एवं शब्दों के मानक रूप का प्रयोग करता है। * वर्गीकरण, निर्णयक्षमता का विकास होता है। * संयुक्ताक्षरों और पंचमाक्षरों का मानक लेखन एवं उच्चारण करता है। * क्रिया के कालों का समान्य परिचय प्राप्त करता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * कक्षाकार्य * स्वाध्याय * सहपाठी मूल्यांकन

भाषाई कौशल/क्षेत्र : व्यावहारिक सृजन **कक्षा–पाँचवीं**

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
१.	* **भाषाई खेल** – मातृभाषा के शब्दों एवं वाक्यों का हिंदी में मौखिक अनुवाद करना। **अनुवाद लेखन** – मातृभाषा के शब्दों एवं वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करना– **उदा.** – पाणी – पानी वडक्कम – नमस्कार शब्दों एवं इनसे युक्त वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करना। **उदा.** – मला पाणी दे. (मराठी में) मुझे पानी दो। (हिंदी में)	* शब्द कार्ड * वाक्य पट्टी * फोल्डर * शब्द कार्ड * वाक्य पट्टी * फोल्डर	* रुचि लेते हुए मातृभाषा के शब्दों का हिंदी में मौखिक अनुवाद करता है। * हिंदी के शब्दों का मातृभाषा में मौखिक अनुवाद करता है। * मातृभाषा के शब्दों एवं वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करते हुए लेखन करता है। * मातृभाषा एवं हिंदी की ध्वनियों, वर्णो एवं शब्दों की अर्थ भिन्नता एवं समानता से अवगत होता है। * मातृभाषा एवं हिंदी में सहसंबंध स्थापित करता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * कक्षाकार्य * स्वाध्याय
२.	**व्यावसायिक लेखन** – भेंट कार्ड तैयार करके उचित शब्दों का लेखन करना। उदा. जन्मदिन, नववर्ष, त्योहार, सफलता आदि के बधाई/अभिनंदन कार्ड बनाकर उसपर संदर्भानुसार लेखन करना।	* कार्ड पेपर * कैची, पेंसिल * गम/पेस्ट आदि * व्यावसायिक शब्द कार्ड	* भेंट कार्ड बनाते समय रचनात्मक विचार करता है। * उचित शब्दों का उचित स्थान पर प्रयोग करता है। कलात्मक तथा आकर्षक लेखन की प्रवृत्ति विकसित होती है। * जीवन में सुचारुपन एवं अनुशासन आदि प्रवृत्तियों की ओर उन्मुख होता है। * सम अनुभूति विकसित होती है।	* प्रात्यक्षिक * कृति * निरीक्षण * कक्षाकार्य * स्वाध्याय * सहपाठी मूल्यांकन

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
३.	**नाट्यीकरण –** कृषक एवं परिसर के सभी व्यवसायियों का हाव–भाव सहित सामूहिक अभिनय करना (किसान, डाकिया सैनिक, नर्स, शिक्षक, वकील आदि)	✻ व्यावसायिकों के चित्र कार्ड ✻ व्यवसाय से संबंधित शब्द कार्ड	✻ कृषक एवं परिसर के व्यावसायिकों का हावभाव सहित सामूहिक अभिनय करता है। ✻ कृषक एवं परिसर के व्यावसायियों के प्रति आदरभाव विकसित होता है। ✻ समानता एवं श्रम प्रतिष्ठा का भाव जागृत होता है।	✻ प्रात्यक्षिक ✻ निरीक्षण ✻ कक्षाकार्य ✻ सहपाठी मूल्यांकन
४.	**लिप्यंतरण –** हिंदी के शब्दों का रोमन (अंग्रेजी) लिपि में लेखन करना उदा. पानी – PANI जयराम – JAYRAM	✻ हिंदी के शब्द कार्ड ✻ रोमन लिपि के कुछ शब्द कार्ड	✻ हिंदी शब्दों का रोमन लिपि में लिप्यंतरण करने का प्रयास करता है। ✻ देवनागरी के शब्दों का रोमन लिपि में लिप्यंतरण करने की रुचि उत्पन्न होती है। ✻ दोनों लिपियों के लेखन एवं उनके उच्चारण की समानता एवं भिन्नता को समझने का प्रयास करता है।	✻ प्रात्यक्षिक ✻ कृति ✻ निरीक्षण ✻ उपक्रम
५.	**सांकेतिक चिह्नों का रेखन अक्षरों में लेखन करना।** गणितीय चिह्न : +,–,×,÷,= मानचित्र : आदि अस्पताल यातायात जेब्रा क्रॉसिंग ≡ शांति–क्षेत्र, शाला–विद्यार्थी क्षेत्र, सिग्नल आदि	✻ गणितीय, मानचित्र, अस्पताल, यातायात आदि के सांकेतिक चिह्न एवं नाम कार्ड तालिका चार्ट	✻ चिह्नों की सांकेतिक सूचनाओं का पालन करता है। ✻ गणितीय, मानचित्र, अस्पताल, यातायात के सांकेतिक चिह्नों का रेखन, अक्षरों में लेखन करता है। ✻ व्यक्तिगत, सामाजिक एवं राष्ट्रीय हित की सूचनाओं के पालन की प्रवृत्ति विकसित होती है। ✻ राष्ट्रीयता का विकास होता है ।	✻ प्रात्यक्षिक कृति ✻ निरीक्षण ✻ कक्षाकार्य ✻ स्वाध्याय ✻ उपक्रम



विषय : हिंदी द्‌वितीय भाषा (संयुक्त)

(पाठ्‌यक्रम)

भाषाई कौशल/क्षेत्र : श्रवण | **कक्षा–छठी**

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
	भाषाई खेल : **आओ खेलें अक्षरों की गलियों में** * उदा. कमल– क – कल, कम, कटाई म – मन, मकई, मगर ल – लहर, लड़की, लरकोरी	* चित्र कार्ड, वर्ण कार्ड (मात्रा रहित, मात्रा सहित)	* प्रत्येक विद्‌यार्थी रुचिपूर्वक विभिन्न अक्षरों से नए–नए शब्द बनाता है। * सुने गए वर्ण एवं शब्दों को दोहराता है। * शब्द संपत्ति का विकास होता है। * रचनात्मकता का विकास होता है ।	* कृति * प्रात्यक्षिक * मौखिककार्य * निरीक्षण
१.	बालगीत, अभिनय गीत सुनना/सुनाना। (पर्यावरण संरक्षण एवं परिसर के संदर्भ में)	* ध्वनिफीत, सी.डी., डी.वी.डी., संगणक, दूरदर्शन, रेडियो	* बालगीत एवं अभिनय गीत ध्यानपूर्वक सुनने में आनंद लेता है। * कक्षा के अन्य विद्‌यार्थियों को सुने हुए बालगीत एवं अभिनय गीत सुनाता है। * तनाव एवं भावनाओं का समायोजन करता है। * पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत होता है। * वृक्ष–संवर्धन में रुचि लेता है।	* कृति * प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * कक्षाकार्य * उपक्रम
२.	साहस कथा (परिसर के संदर्भ में), संवाद सुनना/सुनाना।	* संदर्भ साहित्य ध्वनिफीत सी.डी., डी. वी. डी., दूरदर्शन, संगणक, रेडियो	* साहस कथा (परिसर के संदर्भ में), संवाद ध्यानपूर्वक सुनने/सुनाने में रुचि लेता है। * निडरता, निर्णयक्षमता आदि गुणों का विकास होता है। * परिसर की घटनाओं का वर्णन सुनता/सुनाता है।	* कृति * प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * कक्षाकार्य * उपक्रम

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
३.	वाक्य एवं परिच्छेद में आए विशेष वर्णों का परिचय * कुछ हिंदी वर्णों के दो–दो उच्चारण– उदा. ज–ज, झ–झ, च–च * हिंदी और मराठी की उच्चारण भिन्नता। उदा. च, ज, झ, ज्ञ, ऋ	* वाक्य पट्टी, परिच्छेद चार्ट, सी. डी. संगणक, रेडियो आदि	* हिंदी के विशेष वर्णों की उच्चारण–भिन्नता को समझते हुए सुनता है। * हिंदी और मराठी के विशेष वर्णों की उच्चारण भिन्नता को समझते हुए सुनता है। * वर्गीकरण क्षमता का विकास होता है।	* कृति * प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * कक्षाकार्य * उपक्रम
४.	आकाशवाणी, दूरदर्शन, शालेय कार्यक्रम, विज्ञापन सुनना/सुनाना।	* विज्ञापन पट्टी, रेडियो, दूरदर्शन, कार्यक्रम की सी. डी., डी. वी. डी.	* आकाशवाणी, दूरदर्शन आदि के कार्यक्रम एवं विज्ञापन ध्यानपूर्वक सुनता–सुनाता है। * सुनी हुई सामग्री कार्यक्रम, विज्ञापन अन्य विद्‍यार्थियों को सुनाता है। * सुने हुए कार्यक्रमों के माध्यम से नैतिक मूल्यों को अपनाने का प्रयास करता है।	* कृति * प्रात्यक्षिक * निरीक्षण
५.	स्वर, व्यंजन, विशेष वर्ण, अनुनासिक, अनुस्वार विसर्ग, संयुक्ताक्षर, हल चिह्न का पुनरावर्तन १ से ५० तक के अंकों को सुनना–सुनाना।	* स्वर, व्यंजन, विशेष वर्ण, अनुस्वार, विसर्ग, संयुक्ताक्षर, हल चिह्न का कार्ड, सी.डी., डी. वी.डी., अंक एवं अक्षरों में १ से ५० तक की अंक तालिका।	* स्वर, व्यंजन, विशेष वर्ण, अनुनासिक, अनुस्वार, विसर्ग, संयुक्ताक्षरों को ध्यानपूर्वक सुनता–सुनाता है। * १ से ५० तक की संख्याओं को सुनता–सुनाता है। * मातृभाषा एवं हिंदी की ध्वनियों की समानता–भिन्नता से अवगत होता है। * बोलचाल में अंकों का सही प्रयोग करता है।	* कृति * प्रात्यक्षिक * निरीक्षण

भाषाई कौशल/क्षेत्र : भाषण-संभाषण **कक्षा-छठी**

अ क्र.	अध्ययन-अनुभव	अध्ययन-अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
	भाषाई खेल : आज मैंने किया....(कृति-सभी विद्यार्थी/ सामूहिक रूप से वर्णमाला कहते हैं शिक्षक बीच में 'रुको' का आदेश देते है। जिस वर्ण पर विद्यार्थी रुकेंगें उस वर्ण से शुरू होनेवाले नाम के जितने विद्यार्थी होंगे वे गुट से बाहर आकर क्रमश: सुबह से लेकर अब तक क्या किया के बारे में पाँच-छह वाक्यों में बताएँगे।	* वर्णमाला का चार्ट	* रुचिपूर्वक आनंद लेते हुए खेल में सहभागी होता है। * खेल के द्वारा तनाव का समायोजन होता है। * स्व-परिचय द्वारा बिना रुके निडर होकर आत्मविश्वास के साथ बोलने की ओर उन्मुख होता है। * परस्पर सहसंबंध स्थापित करता है।	* कृति * प्रात्यक्षिक * निरीक्षण
१.	घर, विद्यालय, त्यौहार आदि के बारे में बताना- उदा. **घर :** जन्मदिन, नामकरण, विवाह विद्यालय, बाल दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, विज्ञान दिवस आदि । **त्योहार :** दीपावली, ईद, क्रिसमस आदि।	* चित्र * चार्ट * संदर्भ साहित्य	* घर, विद्यालय में होनेवाली घटनाएँ त्योहार आदि के बारे में चर्चा करता है। * आँखों देखी घटनाओं का यथावत वर्णन करने की क्षमता क्रमश: विकसित होती है। * सर्व धर्म समभाव जागृत होता है। * राष्ट्रीय एकात्मता की भावना विकसित होती है।	* कक्षाकार्य * सहपाठी मूल्यांकन

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
२.	विद्यालय से संबंधित वस्तुओं के बारे में बताना। चर्चा करना–कराना। (प्रयोगशाला, ग्रंथालय, खेल साहित्य, शिक्षक कोना, विद्यार्थी कोना, संगणक कक्ष, शैक्षिक सामग्री।)	* आदर्श विद्यालय के चित्र।	* चर्चा में सहभागी होता है। * पाठशाला की वस्तुओं का वर्णन करता है। * पाठशाला की चीजों के संरक्षण की भावना जागृत होती है। * संभाषण की ओर उन्मुख होता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * कक्षाकार्य * उपक्रम
३.	राष्ट्रीय त्योहार एवं विद्यालयीन कार्यक्रमों में सहभागी होकर चर्चा करना–कराना। **राष्ट्रीय त्योहार :** स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, शहीद दिवस, गांधी जयंती आदि। **विद्यालयीन कार्यक्रम :** हिंदी दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनी आदि।)	* प्रासंगिक चित्र * घोष वाक्य पट्टियाँ * सूचना पट्टी	* राष्ट्रीय त्योहारों के कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागी होता है। * भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को समझते हुए समाज सुधारक क्रांतिकारियों के प्रति आदरभाव जागृत होता है। * देशप्रेम एवं देशभक्ति का भाव विकसित होता है। * भारत की सांस्कृतिक विरासत से अवगत होता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * मौखिक कार्य * कृति
४.	लघुकथा एवं घटनाओं का वर्णन करना। * अंकों का सही उच्चारण करना (१ से ५० अंक)	* चित्र * फोल्डर * चित्रकथा * अंक तालिका (अंकों एवं अक्षरों में)	* छोटी–छोटी कथाएँ कक्षा में प्रस्तुत करता है। * हाव–भाव एवं आरोह–अवरोह के साथ प्रस्तुति में रुचि लेता है। * लघुकथा एवं घटनाओं के वर्णन से भावनाओं का समायोजन होता है। * लघुकथा के पात्रों के साथ सहसंबंध प्रस्थापित करने का प्रयास करता है। * व्यवहार में अंकों की, अक्षरों में उचित अभिव्यक्ति करता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * कक्षाकार्य * उपक्रम

अ क्र.	अध्ययन-अनुभव	अध्ययन-अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
५.	बातचीत, संभाषण में मानक एवं स्पष्ट उच्चारण करना-(शब्द और वाक्य में आए हुए स्वर, व्यंजन, संयुक्ताक्षर, पंचमाक्षर का स्पष्ट एवं मानक उच्चारण करना।)	* चार्ट (स्वर, व्यंजन, संयुक्ता-क्षर, पंचमाक्षर, शब्दों का चार्ट)	* बातचीत में शब्द एवं वाक्य में आनेवाले स्वर, व्यंजन, संयुक्ताक्षरों पंचमाक्षरों का स्पष्ट एवं मानक उच्चारण करने की ओर प्रवृत्त होता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण
	माध्यम भाषा एवं हिंदी की विशेष ध्वनियों को समझकर उचित उच्चारण करना-कराना।	* माध्यम भाषा एवं हिंदी की विशेष ध्वनियों का तुलनात्मक चार्ट।	* माध्यम भाषा एवं हिंदी की विशेष ध्वनियों का हिंदी के अनुसार उचित व स्पष्ट उच्चारण करता है। * माध्यम भाषा एवं हिंदी की विशिष्ट ध्वनियों में उच्चारणगत समानता एवं भिन्नता को समझता है। * घटना तथा प्रसंग वर्णन के माध्यम से अभिव्यक्ति क्षमता का विकास होता है।	* कक्षाकार्य

भाषाई कौशल/ क्षेत्र : वाचन

कक्षा–छठी

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वकष मूल्यमापन
	भाषाई खेल : 'साथी हाथ बढ़ाना'– अलग बच्चों के गले में चित्र कार्ड और शब्द कार्ड लटकाकर चित्रों और शब्दों की संगति बिठाते हुए शब्दों की पहचानकर वाचन करना/कराना।	* वर्ण कार्ड * शब्द कार्ड * चित्र कार्ड	* चित्र और शब्दों की संगति बिठाकर उनका रुचिपूर्वक वाचन करता है। * परिसर में लगे पोस्टर्स, विज्ञापनों के चित्रों एवं शब्दों में संगति बिठाते हुए वाचन करता है।	* मौखिक कार्य * कृति * प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * कक्षाकार्य * सहपाठी मूल्यांकन
१.	अनुवाचन : बालगीत, कविता, साहस कथा आदि का वाचन करना–कराना।	* संदर्भ साहित्य * कथा फोल्डर्स * बालगीत, कविता चार्ट।	* बालगीत, कविता, साहस कथा आदि का रुचिपूर्वक अनुवाचन करता है। * शिक्षक द्वारा पढ़ी गई सामग्री को दोहराता है। * बालगीत कविता के माध्यम से तनाव एवं भावनाओं का समायोजन होता है। * साहस भाव का संचार होता है। * संपूरक वाचन की रुचि बढ़ती है। * आकलन क्षमता का विकास होता है।	* कृति * मौखिक कार्य * निरीक्षण * कक्षाकार्य
